भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2925**

जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

**दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर यातायात जाम**

2925. श्री रामभुआल निषादः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विशेष कर व्यस्ततम अवधि के दौरान दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर गाजीपुर बॉर्डर और एबीईएस कॉलेज के प्रवेश/निकास बिंदु पर बड़े पैमाने पर यातायात आवागमन और गंभीर जाम के कारणों का पता लगाने के लिए कोई सर्वेक्षण किया है और यदि हां, तो ऐसे सर्वेक्षण के निष्कर्ष/ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) क्या सरकार इस समस्या से निपटने, समय और ईंधन बचाने तथा इस यातायात जाम से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए किसी योजना पर विचार कर रही है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) एबीईएस कॉलेज के पास दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे (एनई-3) के मुख्य कैरिजवे पर कोई भीड़भाड़ नहीं देखी गई। हालांकि, सर्विस/स्लिप रोड और शहर के अंदर की संकरी सड़कों के जंक्शन पर इस स्थान के पास भीड़भाड़ देखी गई, जहां अत्यधिक आबादी वाले शहरी क्षेत्रों के निकट होने के कारण व्यस्ततम समय के दौरान यातायात का काफी दबाव रहता है।

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के टोल प्लाजा पर परिचालन संबंधी समस्याओं के कारण गाजीपुर सीमा के पास व्यस्ततम समय में यातायात जाम देखा गया है।

(ख) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने एमसीडी से अपने टोल प्लाजा के आसपास यातायात के निर्बाध आवागमन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। इसके अलावा, स्थानीय पुलिस विभाग से भी यातायात के सुचारू आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपाय करने का अनुरोध किया गया है।

*****